गयी थी । सैंट्रल बैंक आफ इंडिया ने अब यह सूचित किया है कि श्री सामी जे० पटेल को 31 मार्च, 1970 को कारबार की समाप्ति के समय, उन के कार्य-भार से मुक्त किया गया था । मैं यह वक्तव्य अभिलेख में शुद्धि करने के लिये दे रहा हूं । पहले के वक्तव्य में अशुद्धि के लिए मुझे खेद है ।

11.47 hrs.

CRIMINAL LAW (SECOND AMENDMENT) BILL

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI RAM NIWAS MIRDHA): Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Indian Penal Code and the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967. (*Interruptions*). t

अध्यक्ष महोदय : आप लोग मेरी बात थोड़ी सुन लीजिए । पहले मोशन मूव होता है उस के बाद ही यह आता है । जब चीज ही कुछ नहीं है हाउस के सामने तो आप क्यों खड़े हैं । कुछ थोड़ा सा प्रोसीजर फालो करिए । मैं किसी तरह कोई रेफ्लेक्शन नहीं करता हूं लेकिन जितने बाहर से आते हैं वह मुझ से पूछते हैं कि यह क्या होता है ? मैं भी बाहर गया हूं और मैंने देखा है वहां कभी ऐसा नहीं होता....

एक माननीय सदस्य : आप जापान गए हैं ?

अध्यक्ष महोदय : हां, मैं गया हूं और आप जैसे बहुत कम हैं वहां । मेरे से भी लोग बड़ी हमदर्दी करते हैं और आप से भी करते होंगे । लेकिन कुछ इसको पार्लियामैंट रहने दीजिए । इसकी शकल क्यों बिगाड़ रहे हैं आप ?

SHRI M. L. SONDHI (New Delhi): No such Parliament has such a resourceful Speaker, Sir.

अध्यक्ष महोदय : स्पीकर का तो यह है कि किसी दिन हाथ जोड़ कर मैं यह स्पीकरी भी छोड़ जाऊंगा और मेम्बरी भी छोड़ जाऊंगा, ऐसी मेरे दिल में आती है..

श्री स० मो० बनर्जी (कानपुर) : आप मत जाइए । आप कहिए तो इनको निकाल देंगे हम ।

SHRI RANDHIR SINGH (Rohtak): We appreciate your feelings, Sir.

अध्यक्ष महोदय : अब मिर्धा साहब ने जो यह मोशन मूव किया है इस पर कंवरलाल गुप्त भी कहना चाहते है, प्रकाश वीर शास्त्री भी कहना चाहते हैं और अनेक मेम्बर हैं जो कहना चाहते है । तो जो भी कहना है वह कह लें ।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी (बलरामपुर): अध्यक्ष महोदय, मैं आप की अनुमति से इस पर व्यवस्था का प्रश्न उठाना चाहूंगा ।

श्री राम निवास मिर्धा जो विधेयक सदन के सामने पेश करना चाहते है मैं उसका विरोध करन के लिए खड़ा हुआ हूं । सामान्य रीति से जब विधेयक पेश किया जाता है तो उसका विरोध नहीं होता है । लेकिन यह विधेयक जिस प्रकार का है उस में उस के सिवाय हमारे सामने कोई चारा नहीं है कि हम इस स्थिति में और इसी स्तर पर उसका विरोध करें । मेरे विरोध के कारण "संवधानिक हैं, प्रक्रिया संबंधी है और राजनैतिक भी है । मेरा निवेदन है कि यह विधेयक असंवधानिक है, लोकतंत्र विरोधी है, जनाधिकारों पर कुठाराघात करने वाला है और प्रतिपक्ष को कुचलने के लिए सत्ता के हाथ मे असीमित

*Published in Gazette of India Extraordinary, Part II, Section 2. dated 3-9-1970.

[श्री अटल बिहारी वाजपेयी]

अधिकार देने का प्रयत्न करता है । संविधान में नागरिकों को यह मूलभूत अधिकार मिला है कि वे शांति-पूर्ण रीति से एकित्र हो सकें और अपना संगठन और यूनियन बना सके । मूल भूत अधिकारों के अन्तर्गत भी नागरिकों को हक है कि :

"to assemble peaceably and to form associations or unions.".

यह हमारा मूल भूत अधिकार है । यह ठीक है कि संविधान ने इस अधिकार पर मर्यादायें लगाई हैं । एक मर्यादा यह है कि अगर कोई संगठन राष्ट्र की सर्वप्रभुता अखण्डता के खिलाफ काम करें तो उसको अवैध घोषित किया जा सकता है । इसी लिए संसद ने अनलाफुल एक्टविटीज एक्ट पास किया था जिसका उद्देश्य था उन दलों को अवैध घोषित करना जो भारत के किसी भू-भाग को किसी विदेशी को सौंपना चाहते हैं । लेकिन अब संविधान के दायरे का उल्लंघन कर के संगठन बनाने के लिए मूल भूत अधिकार को कुचलने के लिए यह विधेयक लाया जा रहा है । यह विधेयक संविधान-सम्मत नहीं है । यह विधेयक असंवधानिक है । इस सदन मे और बाहर भी जब जब सरकार से पूछा गया कि क्या वह किसी संगठन को गैर-कानूनी करने का विचार कर रही हैं तो सरकारी प्रवक्ताओं ने उत्तर दिया संविधान हमें इस बात की इजाजत नहीं देता । लेकिन आज संविधान को ताक में रख कर एक सामान्य कानून लाकर संगठनों के अस्तित्व को समाप्त करने का षड़यंत्र किया जा रहा है ।

इस विधेयक के दो भाग हैं । एक इंडियन पीनल कोड के 153(ए) में यह विधेयक संशोधन का । सद की जानकारी के लिए मैं उस को पढ़कर सुनाना चाहूंगा—आप मुझे इतना समय दे । 153 (ए) इस प्रकार है :

"Whoever, by words either spoken or written, or by signs or by visible representations or otherwise, promotes or attempts to promote, on grounds of religion, race, language, caste or community or any other ground whatsoever, feelings of enmity or hatred between different religious, racial or language groups or castes or communities or commits any act, which is prejudicial to the maintenance of harmony between different religious, racial or language groups or castes or communities and which disturbs or is likely to disturb the public tranquillity shall be punished with imprisonment which may extend to three years or with fine or with both.".

इसका अर्थ यह है कि यह धारा व्यक्तियों पर लागू होगी, संगठनों पर नहीं । यदि कोई व्यक्ति घृणा का प्रचार करता है, विभिन्न साम्प्रदायों में, चाहे वह भिन्न भाषा बोलने वाले हों या भिन्न धर्मों का अवलंबन करने वाले हों, यदि वह तनाव पैदा करता है तो वह कानून के अनुसार दण्डनीय है, उसे तीन साल तक की सजा दी जा सकती है । अभी तक यह कानून व्यक्तियों तक सीमित था लेकिन अब इस कानून के दायरे को बढ़ाया जा रहा है । पार्टियों को, चाहे वह राजनीतिक हों अथवा गैर-राजनीतिक हों तथा अन्य संगठनों को उसके दायरे में लाया जा रहा है और इसके साथ ही सरकार अधिकार ले रही है कि ऐसे संगठनों को अ र घोषित किया जाये ।

अध्यक्ष महोदय, जब अनलाफुल एक्टिविटीज बिल इस सदन में आया था तो इस तरह की एक धारा उसमें थी । श्री यशवंतराव चव्हाण उस समय उस विधेयक का इस सदन में संचालन कर रहे थे । वह विधेयक सेलेक्ट कमेटी को भेजा गया था । सेलेक्ट कमेटी में यह मत बना था जिसकी सदन ने भी बाद में पुष्टि की कि यह संगठनों को गैर कानूनी घोषित करने का विधेयक केवल उन्हीं संगठनों तक सीमित रहना चाहिए जो कि भारत के

किसी भू-भाग को दूसरे देश को देना चाहते हैं जो कि देश की अखंडता और सर्वप्रभुता के खिलाफ कार्यवाही करना चाहते हैं । मैं नहीं जानता कौन सी परिस्थिति पैदा हो गई है जिसमें यह विधेयक लाया जा रहा है ? सदन को यह जानने का अधिकार है कि अनलाफुल एक्टिविटीज ऐक्ट के अन्तर्गत प्लेबिसाइट फ्रन्ट को अवैध घोषित किया जा सकता था मगर उसे अवैध घोषित क्यों नहीं किया गया ? क्या प्लेबिसाइट फ्रन्ट जम्मू कश्मीर को भारत से बाहर नहीं ले जाना चाहता ?

इससे भी गम्भीर बात आज देश के सामने और है। वह खतरा है नक्सलवादियों का जोकि चीन के राष्ट्रपति को अपना राष्ट्रपति बता रहे हैं, जो चीन के पथ को अपना पथ बता रहे हैं, जो हथियार इकट्ठे कर रहे हैं, संविधान को तोड़ रहे हैं और राजनीतिक हत्यायें कर रहे हैं । आपको सुनकर ताज्जुब होगा और दुख भी होगा कि नक्सलवादियों की गतिविधियां हमारी सेनाओं में भी पहुंच गई हैं । थोड़े दिन पहले जल सेना के 36 जहाजों पर नक्सलवादी पोस्टर लगे हुए पाये गए । जल सेना के इन जहाजों में हमारा आई एन० एस० विक्रान्त भी था । ये पोस्टर एक दिन में लगाये गए । 36 जहाजों पर ये पोस्टर एक साथ लगे हुए पाये गए । क्या यह समझना चाहिए कि इन जहाजों पर काम करने वाले कर्मचारियों में नक्सलवादियों ने प्रवेश किया है ? उनके खिलाफ कौन सी कार्यवाही की जा रही है ? वायु सेना में भी नक्सलवादी घुस रहे हैं । इस बारे में सदन को विश्वास में नहीं लिया जा रहा है । समाचारों को दबाया जा रहा है । अभी हलवाड़ा हवाई अड्डे से भारत की वायु सेना का जो जहाज उड़ा था और जो बीच में टूट कर गिर गया वह खबर छिपाई गई, वह खबर छपने नहीं दी गई क्योंकि जहाज के टूटने का कारण सेबोटेज था, तोड़-फोड़ थी । मेरे पास जो जानकारी है उसके अनुसार अभी इण्डियन एयर लाइन्स कार्पोरेशन का जो विमान आसाम में ध्वस्त हुआ है उसके पीछे भी नक्सलवादियों की गतिविधियों की शंका की जा रही है, सन्देह किया जा रहा है ।

आज देश को अखंडता, स्वतन्त्रता और लोकतांत्रिक ढांचे को नक्सलवादियों से खतरा है । प्रधान मन्त्री ने आश्वासन दिया था, गृह मन्त्रालय की कन्सल्टेटिव कमेटी में कि नक्सलवादियों के खिलाफ कोई कानून बनाया जायेगा लेकिन वह कानून कहां है ? नक्सलवादियों के खिलाफ कोई कानून नहीं है और अब ऐसा कानून बनाया जा रहा है जिसकी परिधि से कोई भी दल बचने वाला नहीं है। हमारे डी० एम० के० के मित्र सावधान रहें, वे भी 153-ए की पकड़ में आ सकते हैं । अकाली दल, शोषित दल, किसी भी दल.... (**व्यवधान**)....आर० एस० भी है और भारतीय जनसंघ भी है ।.... (**व्यवधान**)....

श्री ओम प्रकाश त्यागी (मुरादाबाद) : सिर्फ चाइनीज एजेन्ट को छोड़ कर । .... (**व्यवधान**)....

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : महाराष्ट्र में जिस शिव सेना के साथ सत्तारूढ़ कांग्रेस गठबन्धन करके बैठी है वह भी इसमें आ सकता है । प्रश्न यह है कि इस विधेयक के लाने का औचित्य क्या है ? इस विधेयक को लाने के पहले प्रधान मन्त्री ने सर्वदलीय नेताओं की बैठक क्यों नहीं बुलाई ? आखिर साम्प्रदायिकता क्या है ? कौन यह निर्णय करेगा कि कौन साम्प्रदायिक है ? मुस्लिम लीग साम्प्रदायिक है या नहीं ? उस मुस्लिम लीग के साथ गठबन्धन करने वाले साम्प्रदायिक हैं या नहीं ? उस गठबन्धन के फलस्वरूप मुस्लिम लीग को सारे देश में फैलाने वाले इस देश की अखंडता के खिलाफ साजिश करने के दोषी हैं या नहीं ? क्या यह निर्णय करने का अधिकार केवल सरकार को दे दिया जायेगा—उस सरकार को जो कि अल्पमत सरकार है ? यह मांग की गई थी कि साम्प्रदायिकता क्या है, साम्प्रदायिक दल कौन है उसकी परिभाषा करने के लिए एक इन्डिपेन्डेंट ट्रिब्यूनल बिठाया जाये लेकिन उस मांग को स्वीकार नहीं किया गया क्योंकि

[श्री अटल बिहारी वाजपेयी]

सरकार ऐसे अधिकार लेना चाहती है जिससे अपने विरोधियों को नुकसान पहुंचाना चाहती है। मैं कहना चाहता हूं कि यह सदन इस प्रकार का अधिकार सरकार को देने के लिए तैयार नहीं है क्योंकि जो अधिकार दिया गया था उसका उपयोग नहीं किया गया और जो अधिकार मांगे गए हैं उनका दुरुपयोग किया जा सकता है। इसलिए मैं मन्त्री महोदय से कहूंगा कि यह विधेयक वापिस लें नहीं तो इस विधेयक को इस सदन को ठुकराना पड़ेगा, इसी स्टेज पर।

श्री मधु लिमये (मुंगेर) : हमें भी इजाजत दीजिए क्योंकि यह संविधान का मामला है। पहले जिन्होंने नाम दिए हैं वह बोलें और बाद में हमें बुलाया जाये।

श्री कंवर लाल गुप्त (दिल्ली सदर) : अध्यक्ष महोदय, जो विधेयक इस सदन के सामने प्रस्तुत किया गया है वह एक ब्लैक बिल है, डिमोक्रेसी पर एक काला बिल है और डिमोक्रेसी पर बड़ी भारी चोट है। यह कांस्टीट्यूशन के भी खिलाफ है.... (**व्यवधान**).... क्योंकि कांस्टीट्यूशन के आर्टिकल 19 के अन्दर पर्सनल फ्रीडम और फ्रीडम आफ एसोसिएशन, यह दो मौलिक सिद्धान्त माने गए हैं। यह बात सही है कि उसमें कुछ रीजनेबिल रेस्ट्रिक्शन्स भी हैं लेकिन यह जो बिल है वह रीजनेबिल रेस्ट्रिक्शन्स के परे जाता है। आपको मालूम होगा अगर कोई आदमी शांति को भंग करता है तो उसको सजा दी जा सकती है।.... (**व्यवधान**)....

SHRI AMRIT NAHATA (Barmer): On a point of order. Opposition to the introduction of a Bill can only be on the ground of the constitutional competence of this House to consider it. As to whether the Bill is constitutional or otherwise, will be decided by the judiciary. Only the question whether the House is competent under the Constitution to discuss it can be raised now. He wants to say that it is not constitutional. That is not the ground on which the introduction of a Bill can be opposed.

12 hrs.

MR. SPEAKER: He has referred to article 19 and he is explaining it, and you got up on a point of order. I am judging it.

श्री कंवर लाल गुप्त : अध्यक्ष महोदय, मेरा कहना यह है कि फंडामैंटल राइट जो हमारा है, मौलिक सिद्धान्त जो हमारा है उसको यह सदन चेंज नहीं कर सकता है। अब जैसे कोई कानून तोड़ कर यदि शान्ति भंग करता है तो उसको सजा मिलती है आज के कानून के मुताबिक या जिसकी कि एक्टिविटीज के कारण शान्ति भंग होने का एप्रीहेंशन हो वह दफा 144 आज भी है और वह इस फंडामेंटल राइट के अन्दर आती है लेकिन यह जो बिल है वह उस को एक्सीड करता है। मैं उसे पढ़ कर सुनाता हूं। उसका यहां पर कोट करना जरूरी है :

"engages or participates in any exercise, movement, drill or other similar activity, which, for any reason whatsoever.

कोई भी उसका कारण हो। उसका कारण कुछ भी हो

"causes or is likely to cause fear or alarm or a feeling of insecurity amongst members of any religious . . ."

यहां कोई भी कारण हो अगर दूसरा आदमी डर जाता है तो उसके ऊपर सजा दी जा सकती है। मान लीजिये चव्हाण साहब हैं, बड़ी कुश्ती लड़ते हैं, अगर यह चव्हाण साहब लंगोटा पहन कर खड़े हो जायें और उससे कोई आदमी डर जाय तो इनको भी इस कानून के अन्दर गिरफ्तार किया जा सकता है। इसी तरह से अगर किसी की शकल ही इतनी डरावनी हो कि अगर वह खड़ा हो जाय तो दूसरा उसे देख कर

ही डर जाये तो उसे भी सजा दी जा सकती है । इसलिये मेरा कहना यह है कि जो अनलाफुल एक्टिविटीज में पार्टिसिपेट न करे उसे सजा दे दी जाय इस तरह तो वह ठीक नहीं होगा । यहां कसूर क्या है और आखिर किस चीज के लिए सजा दी जा रही है ? अब यदि कोई ड्रिल कर रहा है, फिजिकल एक्सरसाइज कर रहा है, योगासन कर रहा है । उस ने कोई शान्ति भंग नहीं की है लेकिन चूंकि दूसरा आदमी डर रहा है इसलिए उसको पकड़ा जाना चाहिए । यह बिल इसलिए लाया जा रहा है । दरअसल जो संस्थाएं बढ़ रही हैं, जनप्रिय हो रही हैं और उनके बढ़ते हुए प्रभाव से डर कर ही यह सब कुछ किया जा रहा है । यह पोलिटिकल वैंडैटा है ।

दूसरी चीज असोसियेशन के बारे में जो इसमें कही गई है वह मैं आपके सामने पढ़ कर सुनाता हूं :

"which has for its object any activity which is punishable under section 153A of the Indian Penal Code, or which encourages or aids persons to undertake any such activity, or of which the members undertake any such activity:"

अगर दो मैम्बर भी कोई गलत काम कर देंगे, मान लीजिये कोई दो गलत आदमी मिल गये तो वह सारी एसोसिएशन बैन हो सकती है । इसलिए हमारा यह जो फंडामैंटल राइट है फ्रीडम आफ असोसिएशन का उस पर भी कुठाराघात है । यह एक मैलाफाइडी इंटेंशन से हुआ है । इस प्रकार का बिल आज तक नहीं सुना गया है । मैं इतना ही कह कर खत्म करूंगा कि जब नक्सलवादियों के खिलाफ कार्यवाही करने की सारी पार्टियों की तरफ से मांग है तब तो वह बिल लाते नहीं हैं । उसके बारे में तो सरकार और प्रधान मंत्री सो रही हैं लेकिन यह आर० एस० एस० का जो उनके दिमाग में हव्वा घुसा हुआ है, यह वह आर० एस० एस० और कुछ पार्टियों का जो उनके दिमाग में एक हव्वा घुसा हुआ है उसके कारण और पोलिटिकल वैंडैटा के कारण सरकार यह बिल लाई है और मैं इसके पेश किये जाने का घोर विरोध करता हूं ।

श्री प्रकाशवीर शास्त्री (हापुड़) : अध्यक्ष महोदय, मैं बड़े संक्षेप में केवल दो तीन बातें कहना चाहता हूं । पहले तो मेरा निवेदन यह है .....

श्री शिव चन्द्र झा (मधुबनी) : अध्यक्ष महोदय, मैंने भी आपको इसके लिए दस बजे सुबह ही नोटिस दे दिया था पता नहीं वह कहां अटक कर बीच में रह गया तो आप तक उसका समय पर न पहुंचना यह तो एक अनुचित बात है बाकी अध्यक्ष महोदय, मुझ पर विश्वास करें कि मैंने स्वयं इसे 10 बजे दे दिया था ।

अध्यक्ष महोदय : मैं खुद बड़ा हैरान था कि माननीय सदस्य का नोटिस आखिर क्यों नहीं आया बहरहाल माननीय सदस्य धीरज रखें क्योंकि मैंने यह उसूल बना रखा है कि जब भी ऐसे नोटिसेज आयेंगे उनमें माननीय सदस्य का नोटिस अवश्य होगा इसलिए यह हो या न हो मैं उन को जरूर बुलाऊंगा ।

श्री प्रकाशवीर शास्त्री : मैं इस प्रस्तावित विधेयक के विरोध में केवल तीन बातें कहना चाहता हूं । पहली बात तो मैं यह कहना चाहता हूं कि प्रधान मंत्री ने लोक सभा और राज्य सभा के इसी अधिवेशन में बड़े दृढ़ शब्दों में किन्हीं प्रसंगों में यह घोषणा की थी कि जो इस प्रकार की हिंसात्मक गतिविधियां हैं वे चाहे कलकत्ते में हों, आंध्र में हों या केरल में हों, उनको बड़ी सख्ती के साथ कुचलने के लिए सरकार कानून बनाने का फैसला कर रही है । हम इस प्रतीक्षा में थे कि सरकार शायद इसी संसद के अधिवेशन में ही कोई इस प्रकार का विधेयक लायेगी जिससे सरकार की दृढ़ता का पता लगे । लेकिन यह सख्ती महज उनके वैसा बोलने में ही थी व्यवहार में

[श्री प्रकाशवीर शास्त्री]

वह सख्ती नहीं थी । इसके प्रतिकूल एक दूसरा विधेयक जो आज आया है उस विधेयक के सम्बन्ध में पहले तो मैं यह कहना चाहता हूं कि जहां इसमें व्यायाम पर प्रतिबंध लगाने वाली बात है, मुझे वह घटना याद आती है सन् 1947 से पहले की जब किसी ने जाकर थाने में एक रिपोर्ट लिखवाई । उस रिपोर्ट में यह कहा गया था कि हमारे पड़ोस में जिस आदमी का मकान है वह रोज सुबह छत पर खड़े हो कर कसरत करता है, दंड, बैठक करता है मुझे ख़तरा है कि वह किसी दिन मुझे मारे न इसलिए पड़ोसी के खिलाफ़ मेरी यह रिपोर्ट लिखी जाय । मेरा कहना यह है कि यह विधेयक भी इसी प्रकार की सम्भावनाओं पर आधारित है । अब सम्भावनाओं पर आधारित विधयक अगर संसद में आने लगेंगे तो मेरा अपना अनुमान है कि संविधान की आत्मा का हनन होगा ।

तीसरी सब से बड़ी चीज़ यह है जो कि मैं संविधान की धारा 47 को उद्धृत करते हुए कहना चाहता हूं :

> "राज्य अपने लोगों के आहारपुष्टि-तल और जीवन-स्तर को ऊंचा करने तथा लोक-स्वास्थ्य के सुधार को अपने प्राथमिक कर्तव्यों में से मानेगा"।

स्वास्थ्य की रक्षा का दायित्व संविधान के अनुसार राज्य का है और अगर कोई व्यक्ति स्वास्थ्य की रक्षा के लिए प्रातःकाल कहीं जाकर व्यायाम आदि करता है या योगासन करता है तो उस संभावना से कि दूसरे आदमी को उनके व्यायाम को देख कर दर्द होता है इस तरह का विधेयक लाना संविधान की भावना के प्रतिकूल है । इस विधेयक को लाकर सरकार ने जहां संविधान की आत्मा की हत्या की है वहां मुझे एक बात की प्रसन्नता अवश्य है और मैं अपने मित्र श्री कंवर लाल गुप्त को इस बात का आश्वासन देना चाहता हूं कि वह इस दृष्टि से इस सरकार का आभार जरूर मानें कि जहां किसी बात का विरोध किया जाता है उतनी ही वह बात तेजी के साथ आगे बढ़ती है । इससे वह इंकार नहीं कर सकते हैं।

श्री बि० प्र० मंडल (मधेपुरा) : मैं इस बात को मानता हूं कि इन्ट्रोडक्शन स्टज पर बिल का अपोजीशन नहीं होना चाहिए । मैं इसे भी स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि मैं चाहता हूं कि हिन्दुस्तान में जितनी भी जातियां हैं, चाहे हिन्दू हों, चाहे मुसलमान या अन्य कोई, सभी जातियों के लोग देश में शान्तिपूर्वक रहें । अभी चन्द दिन पहले जब बिहार के शासन की बागडोर हमारे हाथ में आई थी तो ईद, बकरीद, होली आदि त्यौहारों पर हमने वहां शान्ति भंग न होने दी और हिन्दू, मुस्लिम दंगे वहां पर हमने नहीं होने दिये । लेकिन मैं देखता हूं कि यह बिल ख़तरे से खाली नहीं है । अगर इस किस्म का बिल यह सरकार लायेगी तो इसका मतलब साफ़ यही होगा कि ऐसी पोलिटिकल पार्टी . . . . .

MR. SPEAKER: What is the constitutional objection?

SHRI B. P. MANDAL: It is this. According to the Constitution of India we have got the right to organise ourselves in associations, in political parties. After the adoption of this Bill . . .

अध्यक्ष महोदय : मैरिट्स पर माननीय सदस्य तब बोलें जब इस पर डिस्कशन शुरू होगा । अभी तो इसके इंट्रोडक्शन के टेकनिकल पहलू पर ही वह अपने को सीमित रक्खे ।

श्री बि० प्र० मंडल : अध्यक्ष महोदय, आप मुझे इस पर बोलने दीजिये । बिना मेरे बोले हुए आप कैसे समझ सकते हैं कि मैं रेलैवेंट हूं या नहीं । मुझे आप पहले बोल

लेने दीजिये तब उसके बाद आप अपनी रूलिंग दीजियेगा ।

अध्यक्ष महोदय : मुझ माननीय सदस्य बतलायें कि वह किसके तहत कह रहे हैं ?

श्री बि० प्र० मंडल : मेरा निवेदन सिर्फ इतना है कि इस बिल से पोलिटिकल पार्टीज के आर्गेनाइज करने में लोगों को असुविधा होगी । जब भारतीय संविधान के अनुसार दिये गये फंडामेंटल राइट के अनुसार कोई आदमी किसी पोलिटिकल पार्टी को आर्गेनाइज कर सकता है । इस बिल को पास करने के बाद अगर किसी पोलिटिकल पार्टी से गवर्नमेंट की पटरी नहीं बैठेगी तो वह धीरे धीरे उस पोलिटिकल पार्टी को पनपने नहीं देगी इस देश में । इसलिए मैं समझता हूं कि इस बिल को यहां पर नहीं आना चाहिये ।

अगर इस विधेयक के एम्स एंड आब्जक्ट्स को भी आप देखें तो आपको पता चलेगा कम्यूनल हारमोनी की तरफ उन का भी और हमारा भी ध्यान है लेकिन ऐन्टी नेशनल एक्टिविटीज में जो पोलिटिकल पार्टीज इस देश में इन्डल्ज करती हैं उन के प्रति यह ढीले पड़ते हैं । शायद उन के साथ सरकार की पटरी बैठती है । जो टेडेंसी गवर्नमेंट ने शुरू की है वह ठीक नहीं है । इससे पोलिटिकल पार्टीज को पनपने में दिक्कत होगी और देश क संविधान का हनन होगा । इसलिये मैं इन्ट्रोडक्शन स्टेज पर इसका विरोध करता हूं ।

श्री स० मो० बनर्जी (कानपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि इस बिल के स्टेटमेंट आफ आब्जक्ट्स एंड रीजन्स में लिखा हुआ है :

"Drills, exercises and other similar activities organised by communal and other divisive forces cause apprehension, fear or a sense of insecurity amongst members of the affected communities and also affect prejudicially the maintenance of public tranquillity. It is necessary, therefore, to make a specific provision in section 153A of the Indian Penal Code to deal with persons engaged in such activities."

देश में जहां पर भी साम्प्रदायिक झगड़े हुए उन से मालूम यह हुआ कि कुछ ऐसे दल हैं या कुछ ऐसे आर्गेनाइजशन्स हैं जिन के बारे में यह पाया गया, सरकार ने भी पाया और कुछ लोगों ने भी महसूस किया, कि उनका हाथ काफी है, चाहे विजिबल हो या इनविजिबल हो, उन दंगों में यह बात पाई गई । मैं फिलहाल किसी पर आरोप नहीं लगाना चाहता, लकिन अगर आप बाडी आफ दी बिल को देखें तो उस में लिखा हुआ है :

"'Unlawful association' means any association which has for its object any unlawful activity, or which encourages or aids persons to undertake any unlawful activity, or of which the members undertake such activity;"

एक ट्रेड यूनियनिस्ट की हैसियहत से में आप से कहता हूं कि आजादी के बाद इस देश में कोई हड़ताल लीगल नहीं हुई आज तक । जो भी हड़ताल हुई है वह इल्लीगल हुई है ।

MR. SPEAKER: Do not discuss the merits of the Bill. What is the constitutional objection?

श्री स० मो० बनर्जी : मैं उसी पर आ रहा हूं । मैं कह रहा था कि मैं न यह देखा कि इस का नाजायज फायदा उठाया जायगा । अनालाफुल एक्टिविटीज के बारे में जो बिल आया था, हम ने उस का विरोध किया था मैं चाहता हूं कि यहां जो कम्यूनल आर्गेनाइशन्स हैं उन पर प्रतिबन्ध हो, लेकिन इस का नाजायज फायदा उठा कर अगर इस तरह का स्वीपिंग बिल आ जायगा तो वह गलत होगा ।

मेरा निवेदन है कि आज इस सत्र का आखिरी दिन है । आज हम इस के बारे में सोच नहीं सकेंगे । राजनीतिक दलों से डिस्कशन

[श्री स० मो० बनर्जी]

नहीं हुआ है। मैं चाहता हूं कि प्रधान मंत्री या ग्रह मंत्री इस सत्र में इस को स्थागित रखें और अगले सत्र में सारे लोगों को बुलाकर उन से बात चीत कर के और राय कर के फ़ैसला करें वर्ना इस तरीक़े से तो यह होगा कि राजनीतिक जीवन में जहां सत्याग्रह होता है धरना होता है, वह भी अनलाफुल एक्टिविटी हो जायेगा। जिन हाथों में सत्ता की बागडोर है वह जितने भी विरोधी हैं उन्हें खुश करने की कोशिश करेंगे।

श्री शिवचन्द्र झा (मधुबनी) : मैं दो बातों के ऊपर इस विधेयक का विरोध करना चाहता हूं। पहली बात यह है कि क्लाज (2) में कहा गया है कि :

> "Engages or participates in any exercises, movement, drill, or other similar activity," etc.

यह बहुत एलास्टिक है। इस से संविधान की जो धारा 19 (बी) और (डी) है उस पर आघात होता है। थोड़ी देर के लिए मान लीजिए यह विधेयक न हो तो क्या होगा। हम लोगों ने महरौली पर प्रदर्शन किया था। वहां हम लोग 23 तारीख को इकट्ठे हुए। हम लोग शांतिमय तरीक़ से बढ़ रहे थे। हमारे पास कोई हथियार नहीं था। कोई गड़बड़ी करने का हमारा इरादा नहीं था, हम लोग सड़क पर बढ़ रहे थे। लेकिन उस समय हमारा जो अधिकार था 19 (बी) और (डी) के मुताबिक उस को मिसइंटरप्रेट कर के सरकार ने हम को गिरफ्तार किया और हमारे मूवमेंट को रोक दिया। इस का मतलब यह है कि जितन कानूनी अधिकार हमारे पास हैं वह हमारे लिये काफी हैं।

यदि सरकार समझती है कि किसी काम से साम्प्रदायिक एक्टिविटी और विवाद होंगे जो सरकार उस को दबा सकती है। इस प्रकार का एलास्टिक कानून बनाकर मैं समझता हूं कि कम्यूनल एक्टिविटीज से, साम्प्रदायिक और रीजनल विवादों को नहीं निपटायेगी बल्कि जो आर्थिक लड़ाइयां और आर्थिक संघर्ष होंगे उनको सरकार रोकेगी। उदाहरण के लिय मैं आप को बतलाना चाहता हूं कि हम लोगों की तरफ से कुदाल सेना बनाई गई है जो जमीन और नहर बनाने के काम को ले कर पूर्णियां में और दूसरी जगहों में आर्थिक मूवमेंट करना चाहती है। इस कानून से यह होगा कि यह इस तरह की आर्थिक लड़ाई को रोकने के लिय एक हथियार बन जायेगा। इस लिये क्लाज (2) में आप को साफ कर देना चाहिए, यदि आप साम्प्रदायिक बातों को लेकर दंगे रोकना चाहते हैं, कि आर्थिक बातों का विरोध शांतिपूर्ण होगा तो उस पर यह रोक नहीं होगी।

दूसरी बात यह है कि क्लाज (2) में जम्मू और काश्मीर नही आता है। यह बात कई दफा उठाई गई है। क्लाज (2) में लिखा हुआ है कि :

> "Provided that nothing contained in sub-clause (ii) shall apply to the State of Jammu and Kashmir".

कल काश्मीर के नरेश जो थे वह कह रहे थे कि हम हिन्दुस्तान की यूनियन में चले आय हैं और हिन्दुस्तान का अंग हो गये हैं। लेकिन जब कानून बनते हैं—मेरे मतानुसार कानन खराब है, लेकिन यह निर्णय लिया गया तो क्या काश्मीर आपके दिमाग से बाहर है? क्या काश्मीर हिन्दुस्तान के बाहर है? यह जो दिया गया है संविधान में काश्मीर के बारे में उस को हटाना चाहिए। अभी भी जो आप का कंसेप्ट है हिन्दुस्तान की इंटग्रिटी का वह साफ नहीं है। वावजूद विधेयक के खराब होने के चूंकि काश्मीर को इस के अन्दर नहीं लाया गया है यह संविधान के खिलाफ है।

इन दो बातों के कारण मैं इस विधेयक का पुरजोर विरोध करता हूं और चाहता हूं कि सरकार इस को वापस ले ले।

SHRI JYOTIRMOY BASU (Diamond Harbour): My party opposes the introduction of this Bill and it should be withdrawn because there are sufficient laws and enactments with which, if they wanted to do away with communalism, they could tackle it effectively. This will definitely be misused for political advancement of the ruling party. Today there is a deep penetration in the services, in the army and the police and also in the civil administration by communalist forces. By mere enactment, they cannot do everything. My party opposes it and requests the Government to withdraw this Bill.

SHRI V. KRISHNAMOORTHI (Guddalore): I had given notice to oppose the Bill, but after hearing the arguments of the Jan Sangh leader that the Bill is aimed at communal organisations like the RSS and Shiva Sena, I do not find any reason to oppose the introduction of this Bill. Mr. Vajpayee was saying that it is aimed at DMK also. He need not worry about us. We know how to protect ourselves. I neither oppose nor support it.

DR. RAM SUBHAG SINGH (Buxar): Under article 19, certain rights have been guaranteed to every individual. This Bill is going to be used not only against individuals but also against associations etc., that are going to be formed by individuals. This is against the right to freedom guaranteed in the Constitution.

This morning you heard about Manipur and Tripura. You might also have heard of the contrivance that was employed by the ruling party on the 21st with a view to getting the same item put off. They did that. I am particularly mentioning it because this happened just now.

On that day they tried to gag Parliament and did succeed in gagging it. Now it is going to be another dictatorial measure to gag the Constitution. Therefore my Party is totally opposed to the introduction of this Bill.

SHRI RANGA (Srikakulam): Mr. Speaker, Sir, I agree with what my hon. friends, Dr. Ram Subhag Singh and Shri Atal Bihari Vajpayee, have said. There are parties now, like the Naxalites and various other people, who openly go about saying that it is their creed to commit murders for political as well as economic purposes. They are not named. But they imagine that there are some people who are somewhere burrowing down and they want to ferret them out. Therefore they want to take for themselves arbitrary powers.

We had been demanding that there should be an emergency declared in areas, like West Bengal, where political murders, according to their own Government reports and Governors's reports, are taking place almost every day. Yet, nothing has been done by the Government.

Then, these various senas have come up from Shiv Sena right down to some Gopal Sena. Recently, the mulki creeds are also coming up from Assam right down to South India. All these are coming up as disruptive forces and the Government is not interested in banning or controlling them or do anything like that.

They want to take these wide powers in the same way as the British people tried to do through the Rowlatt Act, You know, what has happened to the Rowlatt Act. If all these parties are opposed to this Bill, this will also become a dead letter, let me tell you.

This Government cannot be trusted for various reasons. One reason has been advanced by Dr. Ram Subhag Singh. It has been using whatever powers it has had in a discriminatory manner. It has also failed to use them in order to shield some of their political friends and allies. Then, it is a minority government.

[Shri Ranga]

Under these circumstances, the proper thing would have been to follow the precedent that has already been estabilshed earlier by the previous two Prime Ministers. When such a legislation was sought to be introduced, when such controversial problems were sought to be settled, they used to invite the leaders of all political parties, seek their advice, formulate their legislative and administrative proposals only thereafter and place them before this House. No such thing has been done.

They may say that they have consulted the National Integration Council.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: They did not consult it.

SHRI RANGA: They did not consult even that one. But even if they had consulted that, we would have taken strong objection because of the manner in which the National Integration Council came to be constituted. So far as we, the Swatantra Party, are concerned, we refused to join it. I think, the SSP also has refused to join it. Therefore, we are not a party to any decision they might have taken or to any discussion they might have indulged in. But we are told that they have not even had any discussion.

Under such circumstances, how is it possible for this House or any party within this House to trust this Government and empower it with these powers? They might say that these powers are needed by Government as such and that today there is this minority government but tomorrow there may be a coalition government, a majority government and so on. Let them then wait in patience just as we are waiting till the next general election when either a government comes enjoying a clear majority or a coalition government comes into existence having a definite and effective majority behind it. Having won and demonstrated the confidence of the people, it would be open to that government to introduce a legislation like this. If, on the other hand, the Government is really sincere, honest and wish to exercise such powers in a patriotic manner, let them, first of all, declare unlawful from every political platform and from the legislative point of view let them explore every possibility of declaring the Naxalites and other people, who are going about professing their faith in political murders, in looting, in arson, in allowing their faith in Mao Tse-Tung, not in our Constitution, in saying that they are out to destroy Constitution, democracy and Parliament. Let them come forward with that. Then, we will have some respect for them and we can be expected to repose some confidence in them however transitory it may be. But as long as they are carrying on as they are carrying on now, by postponing the discussion or rather by avoiding the discussion on Mr. Prakash Vir Shastri's motion, by not doing anything at all to put down Naxalite violence in the country, it would not be possible for anybody to make a reasonable plea for the support of this Bill in the House.

श्री मधु लिमये (मुंगेर) : मैं इस विधेयक का पूरी ताकत के साथ विरोध करने के लिये आया हूं। कारण मैं बताता हूं। व्यक्तिगत आजादी पर किसी भी बहाने से कोई भी सरकार अगर आक्रमण करेगी चाहे नक्सलपंथियों के नाम पर, शैतान के नाम पर, साम्प्रदायिकता के नाम पर, कम्युनिज्म के नाम पर, समाजवाद के नाम पर या किसी भी नाम पर तो उसका मैं यहां विरोध करने के लिये आया हूं। चूंकि यह संविधान का मामला है इसलिये हम चाहते हैं कि जरा यह सदन इसकी संवैधानिकता पर गौर फरमाये, जल्दबाजी करने की कोई जरूरत नही है।

मैं मानता हूं कि सरकार ने संविधान में जो समान सूची है, तीसरी सूची है उस में एंटरी नंबर 1 जो है, उसी के तहत इस विधेयक को पेश किया है। यही मान कर मैं

चलता हूं। अब आप देखें कि लिस्ट नम्बर 3 एंटरी नम्बर 1 इस प्रकार है :

"Criminal law, including all matters included in the Indian Penal Code at the commencement of this Constitution but exculding offences against laws with respect to any of the matters specified in List I or List II....."

मतलब यह कि लिस्ट 1 और 2 में जो मामले दिए गए हैं उनके अलावा इंडियन पीनल कोड के बारे में भी कोई भी कानून आप बना सकते हैं क्योंकि समान सूची में वे आते हैं। लेकिन आप सूची दो देखें। एंटरी नम्बर 1 यह है। पब्लिक आर्डर साफ लिखा हुआ है और पब्लिक ट्रेंक्विलिटी जिसका मैं अनुवाद करूंगा सार्वजनिक प्रशांति या सार्वजनिक सुव्यवस्था से जुड़े हुए मामले हैं, पब्लिक आर्डर से जुड़े हुए मामले हैं। कोई मेरी इस बात को काट नही सकता है कि पब्लिक ट्रेंक्विलिटी के संबंध में जितने मामले हैं वे सीधे जुड़े जाते हैं पब्लिक आर्डर से, सार्वजनिक सुव्यवस्था से। इसलिये इस पार्लिमेंट को मेरा पहला आक्षेप है कि इसके बारे में कोई भी कानून बनानें का अधिकार नहीं है। वह राज्यों को दिया गया अधिकार है। इस पार्लिमेंट की लैजिस्लेटिव कम्पीटेंस के बारे में पहला मेरा आक्षेप यह है कि सार्वजनिक सुव्यवस्था चूंकि राज्यों के तहत विषय है, इसलिय इससे सम्बन्धित अगर कोई कानून बनाना है तो वह अधिकार राज्य विधान मंडलों का है, इस पार्लिमेंट का नहीं है। मैं समझता हूं कि राज्यों के अधिकारों पर और उनकी स्वायत्तता पर आक्रमण करने का हमको कोकोई अधिकार नही है।

मेरा दूसरा आक्षेप यह है कि यह जो विधेयक है, यह संविधान में जो बुनियादी अधिकार दिए गए हैं, मौलिक अधिकार दिए गए हैं उन से टकराता है। इसलिय मैं कहूंगा कि संविधान की धारा 13 के तहत पूरे राज्य और ये सदन और पार्लिमेंट भी इसी में आता है, को कोई अधिकार नहीं है कि मौलिक अधिकारों के खिलाफ कोई भी कानून वह बनाए। आप इसकों लाकर एक तों राज्यों के अधि कारो पर अतिक्रमण कर रहे हैं और दूसरे ...

श्री रणधीर सिंह : आई० पी० सी० सैंट्रल एक्ट है।

SHRI MADHU LIMAYE: It says:

" . . .including all matters included in the Indian Penal Code at the commencement of this Constitution but exculding offences against laws with respect to any of the matters specified in List I or List II . . ."

यह पब्लिक आर्डर के संबन्ध में आफेंस है। इसलिए आप को अधिकार नही है। ...(**व्यवधान**)....अब मुझे अपनी बात कहने दीजिए, मैं यह बात कह चुका हूं। इसी बात को दुबारा रीपीट करने से क्या फायदा है?

तो मेरा दूसरा आक्षेप है कि बुनियादी अधिकारों के ऊपर आक्रमण करने वाला कोई भी विधयक संविधान की दफा 13 के तहत हम पास नही कर सकते। अब आप पूछना चाहेंगे कि मौलिक अधिकारों पर आतिक्रमण इस में कहां है? वह मैं एक मिनट में साबित करता हूं। इस को लेकर मेरे तीन आक्षेप हैं।

एक आक्षेप यह है, और इस लिए मैं लड़ रहा हूं, जेल जा रहा हूं, सुप्रीम कोर्ट में भी लड़ रहा हूं और वही काम यहां भी करने जा रहा हूं—पहला आक्षेप यह है इस विधेयक के खिलाफ अति-व्याप्ति का जिस का मतलब है कि यह विधेयक ओवर-इन्क्लूसिव है। इस में ऐसी चीज है कि जो मौलक अधिकारों से टकराती है। उन को रखने का अधिकार

[श्री मधु लिमये]

आप को नहीं है। मौलक अधिकारो से जहां टकराव नहीं है वहां कानून बनाएं। लेकिन ऐसा कानून बनाएंगे ओवर इन्क्लूसिव जिस से संविधान की धारा 19 (1) (ए); (बी); (सी); के तहत वाणी की स्वतंत्रता प्रदर्शन करने का हमारा अधिकार और परेड या व्यायाम भी उसी में आ जाएगा अगर सार्वजनिक जगह पर है, उस के ऊपर आक्रमण होगा तो मेरे 19 (1) ए, बी, सी, के जो मौलक अधिकार हैं वाणी स्वतंत्रता के, प्रदर्शन आदि करने के, संघ स्वतंत्रता के और तमाम हिन्दुस्तान में घूमने के, इन अधिकारों का अतिक्रमण होगा और वह इसमें हो रहा है।

दूसरा मेरा आक्षेप है कि आप देखिए इस की परिभाषा।

"engages or participates in any exercise, movement, drill or other similar activity, which, for any reason whatsoever, causes or is likely to cause fear or alarm or a feeling of insecurity amongst members of any religious, racial, language or regional group or caste or community and which disturbs or is likely to disturb the public tranquility."

तो मेरा दूसरा आक्षेप है कि इस में संदिग्धता है, ऐम्बिगुइटी है, निश्चितता नहीं है। अगर असंदिग्ध, स्पष्ट, निश्चित कोई कानून आप ले आते तो उस के बारे में हम सोचने के लिए तयार थे। लेकिन इस में संदिग्धता है, स्पष्टता का अभाव है, निश्चितता का अभाव है।

तीसरा मेरा आक्षेप यह है कि संविधान के अन्दर न केवल हम को प्रक्रिया संबंधी संरक्षण मिला है, उसी जगह हम को यह भी संरक्षण है कि नये नये अपराधों को मनमानी ढंग से आप निर्माण न करें। कल आप यह कानून ले आएं कि श्रीमती इन्दिरा गांधी के खिलाफ जो भी बोलेगा वह इण्डियन पीनल कोड के तहत अपराध बन जाएगा तो कहां रहेंगे हम लोग? लोकतन्त्र चल नहीं पाएगा। मैं आप का ध्यान 124 (ए) की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं। लोकमान्य तिलक को राजद्रोह के अपराध को लेकर 6 साल की सजा हुई थी। प्रिवी कौसिल तक मामला गया था और 124 (ए) आज भी आप के इण्डियन पीनल कोड में मौजूद है :

"Whoever by words, either spoken or written, or by signs, or by visible representation, or otherwise, brings or attempts to bring into hatred or contempt, or excites or attempts to excite disaffection towards, the Government established by law in India shall be punished with imprisenment for life."

अध्यक्ष महोदय, हम सरकार के प्रति जनता में कंटैम्प्ट की भावना क्यों न पैदा करें? एक कोई वजह आप बताइए। क्या लोकतन्त्र के लिए यह जरूरी नहीं है। मैं सरकार और राज में, सरकार और राष्ट्र में फर्क कर रहा हूं.....

एक माननीय सदस्य : पार्टी और सरकार में करिए।

श्री मधु लिमये : मैं आ रहा हूं उस पर। व्यक्ति, दल, सरकार, राज्य और राष्ट्र अलग अलग कल्पनाएं हैं। किसी भी लोकतांत्रिक देश में, मैं फासिस्ट देश की बात

नहीं कर रहा हूं, फासिस्ट देश में पांचों कपल्लाएं मिल जाती हैं, व्यक्ति हिटलर है, दल नात्सी पार्टी है, वही सरकार है, वही राज्य है, वही राष्ट्र है। लोकतंत्र में यह नहीं है। लोकतंत्र में आप यह कह सकते हैं कि संविधान के प्रति वफादार रहो। राष्ट्र के प्रति वफादार रहो। राज्य के प्रति भी कुछ मामलों में मैं कह सकता हूं कि रखो। राज्य मतलब स्टेट। लेकिन सरकार के बारे में आप अप्रीति पैदा मत करो, सरकार के बारे में रिडिकुल या कंटेम्प्ट की भावना पैदा मत करो—मैं तो अपने हर भाषण में करता रहता हूं, मैं आप को चुनौती देता हूं कि मैं हर भाषण में वर्तमान सरकारों के प्रति चाहे राज्य सरकार हो या केन्द्रीय सरकार हो अप्रीति पैदा करने की कोशिश करता हूं शांतिपूर्ण ढंग से, लेकिन इस में कोई असंवैधानिक कार्य नहीं है। इसलिए मेरी प्रार्थना है मिर्धा साहब से कि आप जो कर रहे संविधान का, लोकतंत्र का, कानून के राज का गला घोटने का काम करन जा रहे हैं और आज मैं अपने दोस्तों को भी चेतावनी देना चाहता हूं। यहां अनलाफुल ऐक्टिविटीज बिल आया। हमारे बलराज मधोक साहब आज कहां है? अटल जी को तो हम समझा रहे थे कि इसका विरोध करो और उन्होंने विरोध किया। लेकिन बलराज मधोक साहब— यह लिखी हुई बात है प्रोसीडिंग्स में, चव्हाण साहब की तारीफ कर रहे थे, समर्थन कर रहे थे। उसी समय मैंने वार्न किया था। यह रेकार्ड पर है। अभी भी नक्सलवादी नक्सवादी आप लोग कर रहे हैं। मैं कहता हूं कि नक्सलवादी हो, शैतान हो, पापी हो, जो भी हो, किसी की भी व्यक्तिगत आजादी के ऊपर जब तक वह कोई अपराध न करे, कार्यवाही करने की बात न सोचिए। आज आप की नौबत आयेगी, कल मुस्लिम लीग की आ सकती है, परसों किसी और की आ सकती है। इसलिए मैं और मेरी पार्टी, में अपने नेता को याद करते हुए आज यह कहना चाहता हूं कि डा० राम मनोहर लोहिया के नाम पर तमाम ऐसे कानूनों का विरोध में करूंगा जो व्यक्तिगत आजादी के ऊपर, लोकतंत्र के ऊपर और संविधान के ऊपर आक्रमण करने का काम करेंगे।

SHRI S. M. BANERJEE: Mr. Dange wants to speak. He has asked for your permission.

SHRI S. A. DANGE (Bombay Central South): I am not speaking much; I am making a statement on behalf of my party.

